**K24P 4012**

Reg. No. : ..................................

Name : ......................................

**I Semester M.A. Degree (C.B.S.S. – Supplementary)**
**Examination, October 2024**
**(2021 and 2022 Admissions)**
**HINDI**
**HIN 1C01 : Medieval Hindi Poetry**

Time : 3 Hours                                                                                Max. Marks : 80

I. **निर्देश : चार** प्रश्नों की समीक्षात्मक व्याख्या कीजिए ।                                            **(4×5=20)**

1) मोरी चुनरी में परि गयो दाग पिया ।
पांच तत्व की बनी चुनरिया सो रहसै बंद लागे जिया ।
यह चुनरी मोरे मैके ते आई, ससुरे में मनुवां खोय दिया ।
मलि मलि धोई दाग न छूटे, ज्ञान को साबुन लाय पिया ।
कहै कबीर दाग तब छूटि हैं, जब साहब अपनाय लिया ।

2) देखत हनुमान अति हरषेउ । पुलक गात लोचन जल वरषेउ ।
मन महं बहुत भांति सुख मानी । बोलेउ श्रबन सुधा सम बानी ।
जासु विरहं सोचहुं दिन राती । रटहु निरंतर गुन गन पांती ।
रघुकुल तिलक सुजन सुखदाता । आयउ कुसल देव मुनि त्राता ।
रिपु रन जीति सुजस सुर गावत । सीता अनुज सहित प्रभु आवत ।
सुनत वचन बिसरे सब दूखा । तृषावंत जिमि पाइ पियूष ।

3) सामुद्रिक लचछन सकल, चौसठि कला सुजान ।
जानि चतुरदस अंग सब, रति वसन्त परमान ।

4) नागमति चितउर पथ हेरा । पिउ जो गए पुनि कीन्ह न फेरा ।
नागर काहूं नारि बस परा। तेई मोहि पिय पिय मोसौ हरा ।
सुआ काल होइ लेइगा पीऊं। पिउ नहिं जात, जात बरु जीऊ ।
भयउ नरायन बावन करा । राज करत राजा बलि छरा ।
करन पास लीन्हेहु कै छंदू । विप्र रूप धरि झिलमिल इंदू।
मानत भोग गोपीचंद भोगी । लेइ अपसवा जालंधर जोगी ।

P.T.O.



5) खेलन सिखए अलि भलै, चतुर अहेरी मार ।
कानन-चारी नैन-मृग, नागर नरनु शिकार।

6) झलकै अति सुन्दर आनन गौर, छके दृग राजत काननि छ्वै ।
हंसि बोलनि मैं छवि-फूलन की वरषा, उर-ऊपर जाति है ।
लट लोल कपोल कलोल करें, कलकंठ बनी जलजावलि है ।
अंग अंग तरंग उठै दुति की, परिहै मनो रूप अबै घर च्वै।

7) हमतें हरि कबहुं न उदास ।
राति खवाय पिवाय अधरस क्यों बिसरत सो बज को बास ।
तुमसों प्रेम कथा को कहिबो मनहूं काटिबो घास ।
बहिरो तान-स्वाद कहं जानै, गूंगो-बात-मिठास।
सुनी री सखी, बहुरि फिरि ऐहैं वे सुख बिंबिध बिलास।
सूरदास ऊधो अब हमको भयो तेरहों मास ।

II. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के आलोचनात्मक उत्तर लिखिए । (अधिकतम **150** शब्द)                    **(3×8=24)**

8) कबीरदास के गुरु संबंधी विचार ।
9) जायसी का विरह वर्णन ।
10) सूर के भ्रमर गीत की विशेषताएं ।
11) तुलसी का राम।
12) कबीर की भाषा ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों पर निबंध लिखिए । (अधिकतम **300** शब्द)                              **(3×12=36)**

13) समाज सुधारक कबीरदास पर प्रकाश डालिए ।
14) पद्मावत के काव्य सौष्ठव पर विचार कीजिए।
15) सूरदास की दार्शनिकता पर निबंध लिखिए ।
16) तुलसीदास की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए
17) भक्ति आंदोलन के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

---